# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/म.गां.अनु./प्रभाग–ब/अंग्रेजी माध्यम/संविदा भर्ती/66174/2022/ दिनांकः 19.05.2023

## विज्ञप्ति

**सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम व सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय संविदा भर्ती, 2023 अन्तर्गत दस्तावेज सत्यापन व पात्रता जाँच हेतु शॉर्ट लिस्टेड (सूचीबद्ध) किये गये अभ्यर्थियों के लिए सूचनाः–**

सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम व सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय संविदा भर्ती, 2023 अन्तर्गत गैर अनुसूचित क्षेत्र एवं अनुसूचित क्षेत्र में सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम तथा सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय (अंग्रेजी/विज्ञान–गणित) के पदों पर संविदा भर्ती हेतु दिनांकः 15.01.2023 को जारी विज्ञापन संख्या–01/2022–23, 02/2022–23 तथा संशोधित विज्ञप्ति दिनांकः 29.03.2023 के तहत क्षेत्रवार/वर्गवार विज्ञापित पदों की अधिकतम दो गुणा संख्या तक के अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन व पात्रता जाँच हेतु शॉर्ट लिस्टेड (सूचीबद्ध) किया जाकर दिनांकः 16.05.2023 को पदवार/नामवार सूचियाँ मय दस्तावेज सत्यापन हेतु आवण्टित जिला तथा पदवार/वर्गवार कट–ऑफ मार्क्स विभागीय वेबसाईट (https://educationsector.rajasthan.gov.in/content/raj/education/secondary-education/en/order/MGS-QC.html) पर अपलोड की गई है।

शॉर्ट लिस्टेड किये गये अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे दस्तावेज सत्यापन व पात्रता जाँच हेतु उक्त विभागीय वेबसाईट पर जारी **"सूचीबद्ध अभ्यर्थियों के लिए दिशा–निर्देश"** का अवलोकन करें एवं https://rajshaladarpan.nic.in/sd2/Home/Staff/default.aspx पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दिनांकः 19.05.2023 से 23.05.2023 तक रजिस्ट्रेशन करना सुनिश्चित करें।

सम्बन्धित आवण्टित जिले के जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), माध्यमिक शिक्षा द्वारा दस्तावेज सत्यापन व पात्रता जाँच हेतु https://rajshaladarpan.nic.in/sd2/Home/Staff/default.aspx पोर्टल पर स्थान एवं तिथि का निर्धारण किया जायेगा, जो सम्बन्धित अभ्यर्थी की लॉगिन में प्रदर्शित होगा तथा रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर/ई–मेल पर सूचित किया जायेगा।

अतः शॉर्ट लिस्टेड किये गये सभी अभ्यर्थी शाला दर्पण पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर लॉगिन आई.डी. से लॉगिन कर दस्तावेज सत्यापन के स्थान एवं तिथि के सम्बन्ध में अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त करते रहे। दस्तावेज सत्यापन में अनुपस्थित अभ्यर्थियों को अन्तिम चयन सूची में शामिल नहीं किया जायेगा, जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

(गौरव अग्रवाल)<br>
आइ.ए.एस.<br>
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा<br>
राजस्थान, बीकानेर

RajKaj Ref No. : 2540006

# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा / माध्य / म.गां.अनु. / प्रभाग–ब / अंग्रेजी माध्यम / संविदा भर्ती / 66174 / 2022 / दिनांकः 19.05.2023

**–:: सूचीबद्ध अभ्यर्थियों के लिए दिशा–निर्देश ::–**

राजस्थान सिविल सेवा पदों पर संविदा पर रखा जाना, नियम–2022 तथा राज्य सरकार के पत्रांकः प.4(15)शिक्षा–1 / अं.मा.काडर / 2022 जयपुर, दिनांकः 02.11.2022 एवं सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम व सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय संविदा भर्ती, 2023 के संबंध में जारी विज्ञप्तियों के तहत गैर अनुसूचित क्षेत्र तथा अनुसूचित क्षेत्र में सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम तथा सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय (अंग्रेजी / विज्ञान–गणित) के लिए प्रारम्भिक दस्तावेज सत्यापन / पात्रता जाँच हेतु सूचीबद्ध (शॉर्ट लिस्टेड) किये गये अभ्यर्थियों के लिए निम्नानुसार दिशा–निर्देश प्रसारित किये जाते है:–

1- सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम व सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय संविदा भर्ती, 2023 अन्तर्गत गैर अनुसूचित क्षेत्र तथा अनुसूचित क्षेत्र में सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम तथा सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय (अंग्रेजी / विज्ञान–गणित) के पदों पर अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन में भरे गये न्यूनतम वांछित शैक्षणिक योग्यता (अंग्रेजी माध्यम) के प्राप्तांकों के प्रतिशत **(सहायक अध्यापक, लेवल –प्रथम हेतु उच्च माध्यमिक परीक्षा व सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय हेतु स्नातक परीक्षा के)** का 75% एवं न्यूनतम वांछित प्रशैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांकों के प्रतिशत **(डी.एल.एड. / बी.एड. परीक्षा के)** का 25% अंकभार जोड़कर प्राप्त कुल प्राप्तांकों तथा अन्य सूचनाओं के आधार पर दस्तावेज सत्यापन / पात्रता जाँच हेतु पदवार व श्रेणीवार विज्ञापित पदों की आवेदित / दो गुणा संख्या तक सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की सूचियाँ जारी की गई है।

2- यह सूचियाँ मात्र दस्तावेज सत्यापन व पात्रता की जाँच हेतु शॉर्ट लिस्टेड किए जाने के लिए है। इन सूचियों में नाम आ जाने मात्र से कोई अभ्यर्थी चयन / नियुक्ति का अधिकारी नहीं होगा। राजस्थान सिविल सेवा पदों पर संविदा पर रखा जाना, नियम–2022 तथा राज्य सरकार के पत्रांकः प.4(15)शिक्षा–1 / अं.मा.काडर / 2022 दिनांकः 02.11.2022 एवं विज्ञापन संख्या–01 / 2022–23, 02 / 2022–23 दिनांकः 15.01.2023, संशोधित विज्ञप्ति दिनांकः 29.03.2023 व विभागीय दिशा–निर्देशों के अनुसार पात्र पाये जाने पर अभ्यर्थी के नाम पर अन्तिम चयन हेतु विचार किया जायेगा।

3- अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन व पात्रता जाँच सम्बन्धी कार्य शाला दर्पण पोर्टल के https://rajshaladarpan.nic.in/sd2/Home/Staff/default.aspx मॉड्यूल के माध्यम से किया जायेगा।

4- प्रत्येक अभ्यर्थी को शाला दर्पण पोर्टल के **https://rajshaladarpan.nic.in/sd2/Home/Staff/default.aspx** मॉड्यूल पर प्रत्येक आवेदित पद के लिए पृथक–पृथक रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य होगा, रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के सम्बन्ध में यूजर मेनूएल लिखित रूप में उपलब्ध है।

5- अभ्यर्थियों को उनके द्वारा ऑनलाईन आवेदन में भरे गये मोबाईल नम्बर तथा ई–मेल पते पर SMS व ई–मेल के माध्यम से आवश्यक सूचनाऐं प्रेषित की जायेगी, अतः अभ्यर्थी के मोबाईल नम्बर व ई–मेल बन्द होने पर विभाग का कोई दायित्व नहीं होगा। समस्त अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन में भरे गये मोबाईल व ई–मेल को निरन्तर चैक करें एवं SMS व ई–मेल द्वारा प्रेषित निर्देशों की पालना करें।

6- दस्तावेज सत्यापन व पात्रता जाँच हेतु शॉर्ट लिस्टेड किये गये अभ्यर्थी दिनांकः 19.05.2023 से दिनांकः 23.05.2023 तक उक्त पोर्टल पर अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन करना सुनिश्चित करें। सम्बन्धित जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), माध्यमिक शिक्षा द्वारा अभ्यर्थी को आवण्टित स्लॉट के समय दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थित होने से पूर्व रजिस्ट्रेशन नहीं होने की स्थिति में दस्तावेज सत्यापन की कार्यवाही नहीं हो सकेगी।

7- सम्बन्धित जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), माध्यमिक शिक्षा द्वारा https://rajshaladarpan.nic.in/sd2/Home/Staff/default.aspx पोर्टल पर दस्तावेज सत्यापन/पात्रता जाँच हेतु स्थान एवं तिथि का निर्धारण किया जायेगा, जो सम्बन्धित अभ्यर्थी की लॉगिन में प्रदर्शित होगा। शॉर्ट लिस्टेड किये गये सभी अभ्यर्थी शाला दर्पण पोर्टल पर प्रतिदिन लॉगिन आई.डी. से लॉगिन कर दस्तावेज सत्यापन के स्थान एवं तिथि के सम्बन्ध में अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त करते रहें।

8- शॉर्ट लिस्टेड किये गये अभ्यर्थियों को, विचारित सूची में अभ्यर्थी के नाम के आगे अन्तिम कॉलम में अंकित जिले के जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), माध्यमिक शिक्षा कार्यालय द्वारा निर्धारित दिनांक को समस्त मूल दस्तावेजों व संलग्न चैकलिस्ट को भरकर उपस्थित होना अनिवार्य होगा। मूल दस्तावेजों के अभाव में किसी भी अभ्यर्थी को दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जायेगा।

9- अभ्यर्थी को संलग्न चैकलिस्ट में उल्लेखित दस्तावेजों की स्वहस्ताक्षरित छाया प्रतियाँ क्रमानुसार व्यवस्थित कर चैकलिस्ट सहित दस्तावेज सत्यापन दल को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी को हस्ताक्षरित आवेदन पत्र, चैकलिस्ट व समस्त प्रकार की स्वघोषणाऐं मूल ही प्रस्तुत करनी अनिवार्य होगी।

10- यदि एक से अधिक पदों के लिए शॉर्ट लिस्टेड सूचियों में नाम सम्मिलित है तो, प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक स्वप्रमाणित सैट तैयार कर दस्तावेज सत्यापन दल को देना होगा।

11- यदि किसी अभ्यर्थी का एक से अधिक पद की सूची में नाम है तो वह प्रत्येक पद हेतु दस्तावेजों की प्रारम्भिक जाँच करायेगा। यदि वह एक पद हेतु पात्रता जाँच कराता है व अन्य पद/पदों हेतु पात्रता की जाँच नहीं कराता है तो उसका अन्य पद/पदों हेतु जिनके दस्तावेजों की जाँच नहीं करवाई गई है, अन्तिम चयन के समय उसके नाम पर विचार नहीं किया जायेगा।

12- निर्धारित दिनांक को दस्तावेजों की प्रारम्भिक जाँच में अनुपस्थित रहने पर अभ्यर्थी को बाद में इस हेतु कोई अवसर नहीं दिया जायेगा। इसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार रहेगा।

13- कोई अभ्यर्थी अपूर्ण/अधूरे दस्तावेजों सहित निर्धारित दिनांक को उपस्थित होता है तो उसे दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जायेगा। दस्तावेज में रही अपूर्णता/कमी को पूरी कर सम्बन्धित जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), माध्यमिक शिक्षा द्वारा निर्धारित की गई तिथि में ही उसको दस्तावेजों की प्रारम्भिक जाँच करवानी होगी, अन्यथा उसे बाद में इस हेतु कोई अवसर नहीं दिया जायेगा।

14- अभ्यर्थी को दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का किराया भत्ता आदि देय नहीं होगा।

15- किसी प्रकार की सूचना/मार्गदर्शन की आवश्यकता हो तो, दस्तावेज सत्यापन के लिए निर्धारित अवधि के कार्य दिवसों में प्रातः 09:30 बजे से सायं 06:00 बजे तक सम्बन्धित जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), माध्यमिक शिक्षा के द्वारा स्थापित कन्ट्रोल रूम के दूरभाष पर सम्पर्क कर सकते है। कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर विभागीय वेबसाईट एवं शाला दर्पण पोर्टल पर उपलब्ध है।

संलग्नः–उपर्युक्तानुसार।

**(गौरव अग्रवाल)**
**IAS**
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

# सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम व सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय संविदा भर्ती, 2023

**सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम तथा सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय (अंग्रेजी/विज्ञान–गणित) पद हेतु अभ्यर्थी के स्वयं के द्वारा भरी जाने वाली सूचना (चैकलिस्ट)**

| | |
|---|---|
| दस्तावेज **सत्यापन जिला** :–<br><br>**सूची क्रम संख्या** :– | **पद** :– (जो **लागू** हो **उस पर** टिक करें)<br>1. सहायक अध्यापक, लेवल प्रथम<br>2. सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय (अंग्रेजी)<br>3. सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय (विज्ञान–गणित) |
| क्षेत्र :– अनुसूचित / गैर अनुसूचित :–........................................ | **आधार क्रमांक** :– |
| आवेदन **क्रमांक** :– | पिता **का नाम** :– |
| अभ्यर्थी **का नाम** :– | जन्मतिथि :– |
| **माता का नाम** :– | वर्ग / श्रेणी :– |
| **लिंग** :– | **जमा** आवेदन **शुल्क** की राशि :– |

| क्र.सं. | दस्तावेज / **प्रमाण पत्र** | अभ्यर्थी के **उपयोगार्थ** | | दस्तावेज **सत्यापन दल** के उपयोगार्थ | | | **पात्रता** जाँच **दल** के उपयोगार्थ | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | संलग्नक संख्या | संलग्नक स्वप्रमाणित (हां / नहीं) | मूल दस्तावेज से मिलान में सही पाया गया (हां / नही) | यदि नहीं तो मूल दस्तावेज व ऑनलाईन आवेदन में भरी गई सूचना में अन्तर होने तथा अन्य का विवरण | **लघु हस्ताक्षर** | नियुक्ति हेतु पात्र / अपात्र | **अपात्रता का कारण** |
| 1 | ऑनलाईन आवेदन **की प्रति** | | | | | | | |
| 2 | आधार कार्ड **की प्रति** | | | | | | | |
| 3 | सैकण्डरी / **समकक्ष** परीक्षा **की** अंकतालिका एवं प्रमाण पत्र की प्रति। | | | | | | | |
| 4 | **सहायक अध्यापक**, लेवल–प्रथम के **पद के लियेः–**<br>**सीनियर सैकण्डरी / समकक्ष परीक्षा (अंग्रेजी माध्यम) की अंकतालिका एवं प्रमाण पत्र की प्रति।**<br>**नोटः–यदि** अंकतालिका / प्रमाण–पत्र में अंग्रेजी माध्यम का अंकन नहीं (दोनों में से किसी में भी) हैं तो, सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण–पत्र की प्रमाणित प्रति । | | | | | | | |
| 5 | **सहायक अध्यापक**, लेवल–द्वितीय **(अंग्रेजी / विज्ञान–गणित) के पद के लियेः–**<br>स्नातक / समकक्ष परीक्षा **(अंग्रेजी माध्यम)** के समस्त वर्षो / सेमेस्टर की अंकतालिका तथा उपाधि की प्रति।<br>नोटः–यदि अंकतालिका / प्रमाण–पत्र में अंग्रेजी माध्यम का अंकन नहीं (दोनों में से किसी में भी) हैं तो, सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण–पत्र की प्रमाणित प्रति । | | | | | | | |
| 6 | स्नातकोत्तर / **समकक्ष** परीक्षा के समस्त **वर्षो / सेमेस्टर की अंकतालिका तथा** उपाधि **की प्रति।** | | | | | | | |
| 7 | **सहायक अध्यापक**, लेवल–प्रथम के **पद के लियेः–**<br>प्रारम्भिक शिक्षा में द्विवर्षीय डिप्लोमा (D.el.ed.)/समकक्ष की अंकतालिका तथा प्रमाण–पत्र की प्रति। | | | | | | | |
| 8 | **सहायक अध्यापक**, लेवल–द्वितीय **(अंग्रेजी / विज्ञान–गणित) के पद के लियेः–**<br>शिक्षा में स्नातक(B.Ed.)/समकक्ष अथवा प्रारम्भिक शिक्षा में द्विवर्षीय डिप्लोमा (D.el.ed.)/ समकक्ष की अंकतालिका तथा प्रमाण–पत्र की प्रति। | | | | | | | |

| क्र.सं. | दस्तावेज/प्रमाण पत्र | अभ्यर्थी के उपयोगार्थ | | दस्तावेज सत्यापन दल के उपयोगार्थ | | | पात्रता जाँच दल के उपयोगार्थ | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | संलग्नक संख्या | संलग्नक स्वप्रमाणित (हां/नहीं) | मूल दस्तावेज से मिलान में सही पाया गया (हां/नही) | यदि नहीं तो मूल दस्तावेज व ऑनलाईन आवेदन में भरी गई सूचना में अन्तर होने तथा अन्य का विवरण | लघु हस्ताक्षर | नियुक्ति हेतु पात्र/अपात्र | अपात्रता का कारण |
| 9 | **सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम के पद के लियेः–**<br>राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट)–2021 व 2022 के प्रमाण–पत्र की प्रमाणित प्रति।<br>**सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय (अंग्रेजी/विज्ञान–गणित) के पद के लियेः–**<br>राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट)–2022 के प्रमाण–पत्र की प्रमाणित प्रति। | | | | | | | |
| 10 | मूल निवास प्रमाण–पत्र की प्रमाणित प्रति। | | | | | | | |
| 11 | अनुसूचित क्षेत्र में सद्भावी निवासी होने का सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी नवीनतम विशेष मूल निवास प्रमाण पत्र **(केवल टीएसपी क्षेत्र के पदों के आवेदकों के लिए)** | | | | | | | |
| 12 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित पदों के अभ्यर्थियों को नियमानुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जारी Income & Asset Certificate **(केवल नॉन टीएसपी क्षेत्र के पदों के आवेदकों के लिए)** | | | | | | | |
| 13 | **जाति प्रमाण–पत्र** (पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सहरिया आदिम जाति) की प्रमाणित प्रति।<br>**नोटः–पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग के लिए वैध अवधि का प्रमाण पत्र हो।**<br>**(जो भी लागू हो संलग्न करें)** | | | | | | | |
| 14 | आरक्षित वर्ग के सभी अभ्यर्थियों (महिला तथा पुरूष) से इस आशय की स्वघोषणा कि वह स्वयं तथा उनके पूर्वज राजस्थान राज्य के मूल निवासी है **(संलग्न प्रारूप 03 में)** | | | | | | | |
| 15 | विधवा की स्थिति में स्वयं की स्वघोषणा एवं पुर्नविवाह नहीं करने सम्बन्धी स्वघोषणा **(संलग्न प्रारूप 03 में)**<br>पति की मृत्यु के प्रमाण–पत्र की प्रमाणित प्रति, पति से लिंक दस्तावेज/साक्ष्य की प्रमाणित प्रति। | | | | | | | |
| 16 | **तलाकशुदा** होने पर न्यायालय निर्णय/डिक्री की प्रमाणित प्रति।<br>पुर्नविवाह नहीं करने सम्बन्धी स्वघोषणा। **(संलग्न प्रारूप 03 में)** | | | | | | | |
| 17 | सन्तान सम्बन्धी स्वघोषणा। **(संलग्न प्रारूप 03 में)** | | | | | | | |
| 18 | विवाहित होने पर दहेज नही लेने सम्बन्धी स्वघोषणा। **(संलग्न प्रारूप 03 में)** | | | | | | | |
| 19 | भूतपूर्व सैनिक होने पर सेवानिवृति/ सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अनापति प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति। | | | | | | | |

| क्र.सं. | दस्तावेज/प्रमाण पत्र | अभ्यर्थी के उपयोगार्थ | | दस्तावेज सत्यापन दल के उपयोगार्थ | | | पात्रता जाँच दल के उपयोगार्थ | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | संलग्नक संख्या | संलग्नक स्वप्रमाणित (हां/नही) | मूल दस्तावेज से मिलान में सही पाया गया (हां/नही) | यदि नहीं तो मूल दस्तावेज व ऑनलाईन आवेदन में भरी गई सूचना में अन्तर होने तथा अन्य का विवरण | लघु हस्ताक्षर | नियुक्ति हेतु पात्र/अपात्र | अपात्रता का कारण |
| 20 | भूतपूर्व सैनिक श्रेणी मे पूर्व में राजकीय नियोजन प्राप्त नही होने के संबंध में स्व घोषणा। **(संलग्न प्रारूप 03 में)** | | | | | | | |
| 21 | **उत्कृष्ट** खिलाडी होने पर नियमानुसार सक्षम स्तर से जारी खेल प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति। | | | | | | | |
| 22 | दिव्यांग श्रेणी होने पर राजस्थान दिव्यांगजन नियम–2018 के अनुसार मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रदत्त निःशक्तता के प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति। | | | | | | | |
| 23 | आपराधिक **प्रकरण** होने/न होने की स्वघोषणा। **(संलग्न प्रारूप 03 व 04 में)**<br>**आपराधिक प्रकरण** होने पर एफ.आई. आर., एफ.आर. माननीय न्यायालय के आदेश की स्वप्रमाणित प्रतियाँ। | | | | | | | |
| 24 | राजकीय सेवा/उपक्रम में कार्यरत होने पर नियोक्ता अधिकारी द्वारा जारी अनापति प्रमाण पत्र। | | | | | | | |
| 25 | आवेदन में 2.5 लाख रू. से कम आय की सूचना भरी है, उस सम्बन्ध में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र। | | | | | | | |
| 26 | शैक्षिक एवं प्रशैक्षिक योग्यताओं के सम्बन्ध में स्वघोषणा। **(संलग्न प्रारूप 03 में)** | | | | | | | |
| 27 | निर्धारित आवेदन **शुल्क जमा** नहीं कराने की स्थिति में अन्तर राशि का भारतीय पोस्टल आर्डर।<br>**नोटः–**जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), माध्यमिक शिक्षा,......................(राजस्थान) के नाम का) | | | | | | | |
| 28 | किसी भी पूर्व आयोजित प्रतियोगी /पात्रता परीक्षाओं में अनुचित साधन प्रयुक्त करने पर अयोग्य (डिबार) घोषित नहीं किया गया है, के सम्बन्ध में स्वघोषणा। **(संलग्न प्रारूप 03 में)** | | | | | | | |
| | **कुल योग** | | | | | | | |

**नोटः–**समस्त दस्तावेज उक्त क्रमानुसार चैक लिस्ट के साथ सलग्न करें। जो दस्तावेज लागू नही है उसके आगे कॉलम में लागू नही अंकित करें।

**अभ्यर्थी के हस्ताक्षर**

**स्थान :**..................................................

**दिनांक :**..................................................

**मोबाईल नम्बर :**..........................................

**नाम :**

**पता :**

**स्व–सत्यापन**

मै.................................................... पुत्र/पुत्री/पत्नी/पति श्री ..................................................उम्र..............जाति...........................................निवासी.................................................... व्यवसाय....................................सत्यापन करता/करती हूँ कि उक्तानुसार प्रस्तुत समस्त दस्तावेज एवं प्रमाण पत्र मेरी जानकारी एवं निष्ठा के अनुसार सही एवं सत्य है। इसमें मैने कोई भी तथ्य नहीं छिपाया है। तथ्यों में किसी प्रकार की भिन्नता के लिये मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा/रहूंगी एवं विभाग मेरे विरूद्ध कार्यवाही कर सकेगा।

**अभ्यर्थी के हस्ताक्षर**

प्रारूप–01

**सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम व सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय संविदा भर्ती, 2023**

**(गैर अनुसूचित क्षेत्र के आवेदकों हेतु शपथ–पत्र का प्रारूप)**

## 17.1 आवेदक द्वारा शपथ–पत्र

मैं ........................................................................ पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री .........................................................................(नाम) घोषणा करता/करती हूं कि :–

1. मैंने **राजस्थान सिविल सेवा पदों पर संविदा पर रखा जाना, नियम–2022** नियमों के लिए निर्धारित सामान्य निर्देशों का अध्ययन कर लिया है। जिनकी पालना करने के लिए मैं बाध्य हूँ।
2. मैं किसी भी स्थिति में जमा शुल्क लौटाने के लिए नहीं कहूँगा/कहूँगी।
3. मुझे किसी भी अपराधिक कृत्य के लिए किसी भी न्यायालय ने कभी दण्डित नहीं किया है। पूर्व आयोजित प्रतियोगी/पात्रता परीक्षाओं में अनुचित साधन प्रयुक्त करने पर अयोग्य घोषित नहीं किया गया है। मेरे विरूद्व किसी भी न्यायालय में कोई आपराधिक प्रकरण लम्बित नही है।
4. **(अ)**किसी गलती या विवाद की स्थिति में पहले मैं प्रकरण संबंधी पूर्ण वस्तुस्थिति के साथ निदेशालय माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर में प्रतिवेदन भेजूंगा/भेजूंगी और 30 दिवस में मामले का निस्तारण न होने के पश्चात् ही न्यायालय से न्याय प्राप्ति हेतु कार्यवाही करूंगा/करूंगी।
   **(ब)** यदि मैंने अकारण अथवा वास्तविक तथ्यों को तोड़–मरोड़ कर निदेशालय के विरूद्ध न्यायालय में कोई वाद दायर किया तो निदेशालय को समुचित मुआवजा देने को बाध्य होऊँगा/होऊँगी।
5. मैं राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार नियुक्ति की पात्रता रखता/रखती हूँ।
6. मेरे द्वारा भरे आवेदन–पत्र के साथ संलग्न समस्त दस्तावेजों में यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि मैं न्यूनतम योग्यता नहीं रखता/रखती हूँ अथवा दस्तावेज फर्जी पाये जाते हैं या झूठा शपथ–पत्र दिया गया है तो मैं राज्य सरकार द्वारा सहायक अध्यापक पद के लिये विज्ञापित किसी भी नियुक्ति के लिये अयोग्य माना जाऊँगा/मानी जाऊँगी।
7. अन्य पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा वर्ग से सम्बन्धित प्रमाण पत्र वैध अवधि का है।
8. आवेदन पत्र मे कमी, त्रुटि होने, तथ्य छिपाने, गलत तथ्य देने की वजह से आवेदन पत्र/पात्रता नहीं रखने पर किसी भी स्तर पर निरस्त किये जाने हेतु मेरी सहमति है।
9. ऑनलाईन भरा गया आवेदन–पत्र, घोषणा पत्र, शपथ–पत्र एवं सम्बन्धित दस्तावेज स्वयं के पास सुरक्षित रखूंगा/रखूंगी, जिन्हें कार्यालय द्वारा मंगवाये जाने पर निर्देशानुसार जमा करा दूँगा/दूँगी।
10. मेरे मूल दस्तावेजों का अंतिम सत्यापन नियुक्ति देने वाली संस्था द्वारा किया जायेगा। यदि इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि या कमी अथवा कोई तथ्य गलत पाया जाये तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी।
11. मैं इस तथ्य से भली भांति अवगत हूँ कि निर्धारित पात्रता प्राप्त होने अथवा योग्यता सूची में शामिल होने से ही मुझे सहायक अध्यापक पद पर नियुक्ति का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।
12. मुझे यह जानकारी है कि मैं पात्रता प्राप्त करने के बावजूद सम्बन्धित शिक्षक पाठ्यक्रम (बी.एड/बी.एस.टी.सी.) उत्तीर्ण होने पर ही संविदा आधार पर सहायक अध्यापक रखे जाने हेतु पात्र माना जाऊँगा/जाऊँगी।
13. मैं इस तथ्य से भली भांति अवगत हूँ कि मेरे किसी भी दस्तावेज का इस भर्ती से पूर्व सत्यापन नहीं किया गया है। समस्त वांछित मूल दस्तावेज मैं नियुक्ति के समय नियोक्ता संस्था के समक्ष प्रस्तुत कर दूँगा/दूँगी।
14. मैं इस तथ्य से भली भाँति अवगत हूँ कि भर्ती हेतु मेरिट लिस्ट में शामिल होना भर्ती के लिए एक आवश्यक न्यूनतम मापदण्ड हैं। मात्र इस कारण से मुझे सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम/सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय (अंग्रेजी/विज्ञान–गणित) पद पर नियुक्ति का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

नाम :

पता :

स्थान :........................................

दिनांक :........................................

फोन नम्बर मय कोड :........................................

मोबाईल नम्बर :........................................

**स्व–सत्यापन**

मैं.............................................................. पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री .................................................उम्र.................. जाति............ निवासी.................................. व्यवसाय.............................................. सत्यापन करता/करती हूँ कि उक्त शपथ–पत्र में अंकित सभी कथन मेरी जानकारी एवं निष्ठा के अनुसार सही एवं सत्य हैं। इसमें मैंने कोई भी तथ्य नहीं छिपाया है।

**हस्ताक्षरः–**

**अभ्यर्थी का नाम :** ........................................................

**मोबाईल नम्बर :**........................................

P.T.O.

प्रारूप–02

## सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम व सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय संविदा भर्ती, 2023

(अनुसूचित क्षेत्र के आवेदकों हेतु शपथ–पत्र का प्रारूप)

### 17.1 आवेदक द्वारा शपथ–पत्र

मैं .................................................................... पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री ....................................................................(नाम) घोषणा करता/करती हूं कि :–

1. मैंने **राजस्थान सिविल सेवा पदों पर संविदा पर रखा जाना, नियम–2022** नियमों के लिए निर्धारित सामान्य निर्देशों का अध्ययन कर लिया है। जिनकी पालना करने के लिए मैं बाध्य हूँ।
2. मैं किसी भी स्थिति में जमा शुल्क लौटाने के लिए नहीं कहूँगा/कहूँगी।
3. मुझे किसी भी अपराधिक कृत्य के लिए किसी भी न्यायालय ने कभी दण्डित नहीं किया है। पूर्व आयोजित प्रतियोगी/पात्रता परीक्षाओं में अनुचित साधन प्रयुक्त करने पर अयोग्य घोषित नहीं किया गया है। मेरे विरूद्ध किसी भी न्यायालय में कोई आपराधिक प्रकरण लम्बित नही है।
4. **(अ)**किसी गलती या विवाद की स्थिति में पहले मैं प्रकरण संबंधी पूर्ण वस्तुस्थिति के साथ निदेशालय माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर में प्रतिवेदन भेजूंगा/भेजूंगी और 30 दिवस में मामले का निस्तारण न होने के पश्चात् ही न्यायालय से न्याय प्राप्ति हेतु कार्यवाही करूंगा/करूंगी।
   **(ब)** यदि मैंने अकारण अथवा वास्तविक तथ्यों को तोड़–मरोड़ कर निदेशालय के विरूद्ध न्यायालय में कोई वाद दायर किया तो निदेशालय को समुचित मुआवजा देने को बाध्य होऊँगा/होऊँगी।
5. मैं राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार नियुक्ति की पात्रता रखता/रखती हूँ।
6. मेरे द्वारा भरे आवेदन–पत्र के साथ संलग्न समस्त दस्तावेजों में यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि मैं न्यूनतम योग्यता नहीं रखता/रखती हूँ अथवा दस्तावेज फर्जी पाये जाते हैं या झूठा शपथ–पत्र दिया गया है तो मैं राज्य सरकार द्वारा सहायक अध्यापक पद के लिये विज्ञापित किसी भी नियुक्ति के लिये अयोग्य माना जाऊँगा/मानी जाऊँगी।
7. मैं राजस्थान राज्य के अनुसूचित क्षेत्र का सदभावी निवासी हूं, मेरे माता–पिता/पूर्वज अनुसूचित क्षेत्र के मूल निवासी रहे है।
8. आवेदन पत्र मे कमी, त्रुटि होने, तथ्य छिपाने, गलत तथ्य देने की वजह से आवेदन पत्र/पात्रता नहीं रखने पर किसी भी स्तर पर निरस्त किये जाने हेतु मेरी सहमति है।
9. ऑनलाईन भरा गया आवेदन–पत्र, घोषणा पत्र, शपथ–पत्र एवं सम्बन्धित दस्तावेज स्वयं के पास सुरक्षित रखूंगा/रखूंगी, जिन्हें कार्यालय द्वारा मंगवाये जाने पर निर्देशानुसार जमा करा दूँगा/दूँगी।
10. मेरे मूल दस्तावेजों का अंतिम सत्यापन नियुक्ति देने वाली संस्था द्वारा किया जायेगा। यदि इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि या कमी अथवा कोई तथ्य गलत पाया जाये तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी।
11. मैं इस तथ्य से भली भांति अवगत हूँ कि निर्धारित पात्रता प्राप्त होने अथवा योग्यता सूची में शामिल होने से ही मुझे सहायक अध्यापक पद पर नियुक्ति का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।
12. मुझे यह जानकारी है कि मैं पात्रता प्राप्त करने के बावजूद सम्बन्धित शिक्षक पाठ्यक्रम (बी.एड/बी.एस.टी.सी.) उत्तीर्ण होने पर ही संविदा आधार पर सहायक अध्यापक रखे जाने हेतु पात्र माना जाऊँगा/जाऊँगी।
13. मैं इस तथ्य से भली भांति अवगत हूँ कि मेरे किसी भी दस्तावेज का इस भर्ती से पूर्व सत्यापन नहीं किया गया है। समस्त वांछित मूल दस्तावेज मैं नियुक्ति के समय नियोक्ता संस्था के समक्ष प्रस्तुत कर दूँगा/दूँगी।
14. मैं इस तथ्य से भली भाँति अवगत हूँ कि भर्ती हेतु मेरिट लिस्ट में शामिल होना भर्ती के लिए एक आवश्यक न्यूनतम मापदण्ड हैं। मात्र इस कारण से मुझे सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम/सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय (अंग्रेजी/विज्ञान–गणित) पद पर नियुक्ति का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

नाम :

पता :

स्थान :.......................................

दिनांक :.......................................

फोन नम्बर मय कोड :.......................................

मोबाईल नम्बर :.......................................

### स्व–सत्यापन

मैं.................................................................................. पुत्र/पुत्री/पत्नीश्री ......................................................उम्र................. जाति................

निवासी................................... व्यवसाय.................................................. सत्यापन करता/करती हूँ कि उक्त शपथ–पत्र में अंकित सभी कथन मेरी जानकारी एवं निष्ठा के अनुसार सही एवं सत्य हैं। इसमें मैंने कोई भी तथ्य नहीं छिपाया है।

**हस्ताक्षरः–**

**अभ्यर्थी का नाम :** ..........................................................

**मोबाईल नम्बर :**.......................................

प्रारूप–03

## सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम व सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय संविदा भर्ती, 2023

**(स्वघोषणा–पत्र)**

सहायक अध्यापक लेवल–प्रथम व सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय संविदा भर्ती, 2023 अन्तर्गत जारी विज्ञापन संख्या–01/2022–23 दिनांकः 15.01.2023 तथा विज्ञापन संख्या–02/2022–23 दिनांकः 15.01.2023 के तहत सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम/सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय (अंग्रेजी/विज्ञान–गणित) **NTSP/TSP** के पद पर विभाग द्वारा दिनांकः ....................को दस्तावेज सत्यापन/पात्रता जाँच हेतु जारी शॉर्ट लिस्टेड (सूचीबद्ध) अभ्यर्थियों की सूची में मेरा नाम सम्मिलित है, मैं यह स्वघोषणा करता/करती हूँ कि :–

1. मैं स्वयं तथा मेरे पूर्वज राजस्थान राज्य के मूल निवासी है/नहीं ........................................
2. उक्त भर्ती अन्तर्गत विधवा/विवाह विच्छिन्न–परित्यक्ता श्रेणी..........................................से ऑनलाईन आवेदन क्रमांक... ..........................................भरा है, मेरे द्वारा आज दिनांक.................... तक पुनर्विवाह नहीं किया गया है।
3. मेरे दिनांकः 01.06.2002 को या इसके पश्चात् संतानों की संख्या निम्नानुसार है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | दिनांकः 01.06.2002 तक जीवित सन्तानों की संख्या | |
| 2 | दिनांकः 01.06.2002 के पश्चात् सन्तानों की संख्या | |
| | कुल सन्तानों की संख्या | |
| i | क्या दिनांकः 01.06.2002 या इससे पूर्व जन्मा बालक दिव्यांग है (हां/नहीं) | |
| ii | क्या आप द्वारा प्रसव पश्चात् किसी बालक को अन्य व्यक्ति को गोद दिया है (हां/नहीं) | |
| iii | क्या आप द्वारा किसी बालक को वैध तरीके से गोद लिया है (हां/नहीं) | |

4. **दहेज नहीं लेने सम्बन्धी स्वघोषणाः–**
   - I. मेरे द्वारा विवाह के समय दहेज की मांग नहीं की गई है तथा नहीं लिया/दिया गया है।
   - II. मैं वर्तमान में अविवाहित हुँ तथा भविष्य में विवाह के समय मेरे द्वारा न तो दहेज की मांग की जाएगी और न ही दहेज लिया जाएगा।
5. **भूतपूर्व सैनिक के सम्बन्ध में स्वघोषणाः–**
   - I. मेरे द्वारा पूर्व में भूतपूर्व सैनिक श्रेणी से राजकीय नियोजन प्राप्त नहीं किया गया है।
   - II. मेरे द्वारा पूर्व में भूतपूर्व सैनिक श्रेणी से राजकीय नियोजन प्राप्त किया है जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विभाग का नाम | |
| 2 | पदनाम व पे–मैट्रिक्स लेवल | |
| 3 | प्रथम कार्यग्रहण तिथि | |
| 4 | वर्तमान पदस्थापन स्थान | |

6. मुझे किसी भी पूर्व आयोजित प्रतियोगी/पात्रता परीक्षाओं में अनुचित साधन प्रयुक्त करने पर अयोग्य (Debar) घोषित नहीं किया गया है।
7. मेरे द्वारा ऑनलाईन आवेदन में तथा प्रस्तुत शैक्षिक एवं प्रशैक्षिक योग्यताओं के प्रमाण–पत्र/उपाधियां, भारत सरकार/राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संबंधित संस्थानों/विश्वविद्यालयों/बोर्ड आदि से प्राप्त की गई है, यदि मेरी शैक्षिक एवं प्रशैक्षिक योग्यताओं के प्रमाण–पत्र/उपाधियां अप्रमाणित पाई जाती है अथवा मान्यता प्राप्त संस्था से जारी नहीं की हुई पाई जाती है अथवा अन्य कारणों से मान्य नहीं होने पर, इसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा/रहूँगी तथा विभाग मेरी पात्रता निरस्त कर सकेगा।
8. मेरे विरूद्ध किसी प्रकार का कोई आपराधिक प्रकरण विचाराधीन/लम्बित नहीं है तथा पूर्व में भी मेरे विरूद्ध किसी प्रकार का कोई आपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है।
9. मेरे विरूद्ध आपराधिक प्रकरण विचाराधीन/लम्बित है तथा पूर्व में भी मेरे विरूद्ध दर्ज आपराधिक प्रकरण दर्ज हुवे है जिनका विवरण संलग्न प्रारूप–04 (स्वघोषणा–पत्र) में प्रस्तुत है।

**स्थानः–**
**दिनांकः–**

**अभ्यर्थी के हस्ताक्षरः–**
**नामः–**
**आवेदन संख्याः–**

**स्व–सत्यापन**

मैं.......................................पुत्र/पुत्री श्री ...............................उम्र.................जाति.........................निवासी..................................... व्यवसाय.......................................सत्यापन करता /करती हूँ कि उक्त स्वघोषणा–पत्र में अंकित सभी कथन मेरी जानकारी एवं निष्ठा के अनुसार सही एवं सत्य है। इसमें मैंने कोई भी तथ्य नहीं छिपाया है। यदि मेरी उक्त घोषणा मिथ्या पाई जाती है अथवा कोई तथ्य छुपाया जाना पाया जाता है तो इसके कारण विभाग मुझे अपात्र घोषित कर सकता है।

**हस्ताक्षर**
**अभ्यर्थी का नामः–**

❖ **जो लागू हो उसको भरे।**

P.T.O.

प्रारूप–04

## सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम व सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय संविदा भर्ती, 2023

**(स्वघोषणा–पत्र)**

सहायक अध्यापक लेवल–प्रथम व सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय संविदा भर्ती, 2023 अन्तर्गत जारी विज्ञापन संख्या–01/2022–23 दिनांकः 15.01.2023 तथा विज्ञापन संख्या–02/2022–23 दिनांकः 15.01.2023 के तहत सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम/सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय (अंग्रेजी/विज्ञान–गणित) **NTSP/TSP** के पद पर विभाग द्वारा दिनांकः .....................को दस्तावेज सत्यापन/पात्रता जाँच हेतु जारी शॉर्ट लिस्टेड (सूचीबद्ध) अभ्यर्थियों की सूची में मेरा नाम सम्मिलित है, मैं यह स्वघोषणा करता/करती हूँ कि:–

1. **मेरे विरूद्ध आपराधिक प्रकरण विचाराधीन/लम्बित है तथा पूर्व में भी मेरे विरूद्ध दर्ज आपराधिक प्रकरण दर्ज हुवे है जिनका विवरण** निम्नानुसार प्रस्तुत **है:–**

| क्र.सं. | पुलिस थाना का विवरण | एफ.आई. आर. संख्या | आरोप से संबंधित धाराऐं | संबंधित जांच अधिकारी द्वारा माननीय न्यायालय में एफ.आर. प्रस्तुत (हाँ/नहीं) | माननीय न्यायालय का विवरण | माननीय न्यायालय में दर्ज केस नम्बर व याचिकार्थियों के नाम | वर्तमान में आपराधिक प्रकरण माननीय न्यायालय में विचाराधीन **हैं/नहीं** | माननीय न्यायालय द्वारा दोषमुक्ति का आदेश पारित किया जा चुका है तो उसकी दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |

उपरोक्त तालिका में उल्लेखित कथनों के सम्बन्ध में (1) प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रमाणित प्रति (F.I.R.) (2) जांच अधिकारी द्वारा माननीय न्यायालय में प्रस्तुत एफ.आर. की प्रमाणित प्रति (3) माननीय न्यायालय में दर्ज सम्पूर्ण केस तथा पारित आदेश की प्रमाणित प्रतियां संलग्न है।

**स्थानः–**
**दिनांकः–**

**अभ्यर्थी के हस्ताक्षरः–**
**नामः–**
**आवेदन संख्याः–**

**स्व–सत्यापन**

मैं...........................................पुत्र/पुत्री श्री ..................................उम्र.................जाति..........................निवासी.......................................... व्यवसाय...........................................सत्यापन करता /करती हूँ कि उक्त स्वघोषणा–पत्र में अंकित सभी कथन मेरी जानकारी एवं निष्ठा के अनुसार सही एवं सत्य है। इसमें मैंने कोई भी तथ्य नहीं छिपाया है। यदि मेरी उक्त घोषणा मिथ्या पाई जाती है अथवा कोई तथ्य छुपाया जाना पाया जाता है तो इसके कारण विभाग मुझे अपात्र घोषित कर सकता है।

**हस्ताक्षर**
**अभ्यर्थी का नामः–**

❖ जो लागू हो उसको भरे/उसकी प्रतियां संलग्न करें।